Reg. No. : ....................................

Name : .......................................

**Code No. 7003**

**Second Year – JUNE 2017**
**SAY/IMPROVEMENT**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2 ½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool-off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

मसहरी–सुरक्षा में
ज़मीन पर धूप के
फैलने तक नींद में
पड़ी मैं, मगर नींद के
खुलने के पूर्व ही नोटीस
बैंक की आ धमकी सपने में ।

1. यह किस कविता का अंश है ?
(मातृभूमि, आदमी का चेहरा, सपने का भी हक नहीं, कुमुद फूल बेचने वाली लड़की) **(Score : 1)**

2. युवती कब तक नींद में पड़ी रही ? **(Score : 1)**

3. युवती सपने में क्यों भयभीत है ? **(Scores : 2)**

4. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। **(Scores : 7)**

**सूचना :** 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथा का अंश पढ़ें और **5** से **9** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बहुत दौड़-भाग के बाद ज़मीन का खरीदार मिला – बारह हज़ार प्रति एकड़ की दर से – जैसा कि अनुमान था। कुछ और कीमत आ सकती थी मगर मज़बूरी का फ़ायदा सभी उठाते हैं। हमारे पास समय न था। शादी की तैयारियाँ शुरू करनी थीं। भविष्य निधि से भी कुछ हज़ार रुपए पिताजी निकाल लाए थे। दीदी बहुत भावुक हो गई थी और बात-बात में रो पड़ती थी। मंडप लगा दिया गया था। शादी के कार्ड छप गए। मेहमान आने लगे। हल्दी-तेल चढ़ाना शुरू हो गया। हम सब व्यवस्था से संतुष्ट थे पर मन जैसे अभी से खाली-खाली और उदास था। जो उपस्थित था उसकी अनुपस्थिति अभी से दिल में घर कर गई थी।

5. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' किसकी रचना है ? **(Score : 1)**
(मैथिलीशरण गुप्त, अमृता प्रीतम, हिमांशु जोशी, एकांत श्रीवास्तव)

6. कितने रुपए की कीमत में ज़मीन का खरीदार मिला ? **(Scores : 2)**

7. शादी की क्या-क्या तैयारियाँ की गईं ? **(Scores : 3)**

8. उपर्युक्त खंड का संक्षेपण करें। **(Scores : 7)**

9. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक दें। **(Score : 1)**

10. **सूचना :** स्तंभ से सही हिन्दी शब्द चुनकर मिलान करें। **(Score : 1 × 8 = 8)**

| | |
|---|---|
| Archaeology | वनस्पति-विज्ञान |
| Atom | श्रमिक-संघ |
| Botany | गुरुत्वाकर्षण |
| Copyright | विकिरण |
| Equation | पुरातत्त्व-शास्त्र |
| Radiation | समीकरण |
| Trade Union | सर्वाधिकार |
| Gravitation | परमाणु |

**सूचना :** 'वह भटका हुआ पीर' संस्मरण का अंश पढ़ें।
मुझे लगा कि वह आम आदमी न होकर एक भटका हुआ पीर है, जो आपा-धापी की दुनिया में खुशी बाँटता फिर रहा है।

11. संकेतों के आधार पर लेखिका एवं अपनी बहन के बीच का वार्तालाप तैयार करें। **(Scores : 7)**
    * स्कूटर वाले का सेवा-भाव
    * लेखिका के मन में श्रद्धा
    * समाज में ऐसे सेवियों की आवश्यकता

**सूचना :** 'मुरकी उर्फ़ बुलाकी' कहानी का यह वाक्य पढ़ें।
राजवंती ऐसे रोई जैसे उसकी आँखों में मुरकी के आँसू मिले हुए थे।

12. उपर्युक्त वाक्य के आधार पर राजवंती का चरित्र-चित्रण करें। **(Scores : 4)**

**सूचना :** निम्नलिखित हाइकू पढ़ें :
जब भी कोई
फूल खिला बाग में
तू याद आया।

13. हाइकू का भावार्थ लिखें। **(Scores : 5)**

14. कवि अनंग जीवित हैं। इससे खुश होकर उनकी पत्नी उस दिन की घटनाएँ डायरी में लिखती है। वह डायरी तैयार करें।
    * कवि अनंग का बेहाल
    * डॉक्टर से विनती
    * पुत्र की प्रतीक्षा
    * मित्र का आना
    * मित्र का मर जाना
    * अनंग जी का बच जाना **(Scores : 7)**

**सूचना : 15 से 19** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें : **(Scores : 3 × 8 = 24)**

15. सूरीनाम से भारत लौट आने वाले लेखक सूरीनाम के एक मित्र को वहाँ के अनुभवों के बारे में पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें।
    * सूरीनाम का वातावरण
    * श्रमिकों द्वारा हिन्दी भाषा को बचाए रखना
    * राष्ट्रपति का भाषण
    * हिन्दी महा पर्व मनाना।

16. 'इंटरनेट–गुण भी, दोष भी' विषय पर संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए आलेख तैयार करें ।

* इंटरनेट मतलब
* इंटरनेट से मानव की प्रगति
* इंटरनेट से विविध लाभ
* इंटरनेट की दुरुपयोगिता से हानि

17. 'बेटी के नाम .......' पत्र के आधार पर बादशाह का आत्मकथांश तैयार करें ।

* कैदी बनकर जीना
* दिल्ली वालों की यादें
* तोहफे की घटना
* अंतिम क्षण की प्रतीक्षा

18. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

Student life is considered as the best period of our life. Future of a boy can be predicted by observing his student life. This is the period which leaves its last mark on his character. At this period he must take special care in choosing his friends.

(considered – माना जाना, period – समय, future – भविष्य, predict – भविष्यवाणी देना, character – चरित्र, observe – निरीक्षण, special care – विशेष ध्यान)

19. अपने इलाके में प्रौढ़–शिक्षा (Adult Education) का केन्द्र खुलने वाला है । इसकी जानकारी देने वाला एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

* हर आयुवाले को प्रवेश
* बुज़ुर्गों के लिए अलग कक्षा
* अनुभवी अध्यापक
* भागीदारों को प्रमाण–पत्र
* हर अध्येता को पुस्तक एवं कलम मुफ़्त

SK

SKL②

II - Hindi

8A7 2017 7003

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, ~~MARCH 2016~~.

| Qn. No | Sub Qns | Answer Kery / Value points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | सपने का भी हक नहीं | 1 | |
| 2. | | जमीन पर धूप के फैलने तक | 1 | |
| 3. | | कविता का आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 2 | |
| 4. | | * कवि का परिचय दिया है।<br>* कविता की काव्यधारा और रचनाकाल की सूचना है।<br>* कविता का सार है।<br>* अपने दृष्टिकोण में कविता का विश्लेषण किया है। | 1<br>1<br><br>2<br>3 | 7 |
| 5. | | जमीन एक स्लेट का नाम है। | 1 | 1 |
| 6. | | बारह हजार प्रति एकड़ की दर से। | 2 | 2 |
| 7. | | आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 3 | 3 |
| 8. | | * मुख्य आशयों का चयन किया है।<br>* अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है।<br>* अपनी भाषा में आशय प्रस्तुत किया है। | 2<br>2<br>3 | 7 |
| 9. | | उचित शीर्षक लिखा है। | 1 | 1 |

| Qn. No. | Sub Qns | Answer Kery / Value points | Score | Total |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 10. | 1 | पुरातत्व शास्त्र | 1 | |
| | 2. | परमाणु | 1 | |
| | 3. | वनस्पति विज्ञान | 1 | |
| | 4. | सर्वाधिकार | 1 | |
| | 5. | समीकरण | 1 | |
| | 6. | विकिरण | 1 | |
| | 7. | श्रमिक संघ | 1 | |
| | 8. | गुरुत्वाकर्षण | 1 | 8 |
| 11. | | प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | 1 | |
| | | स्वाभाविक शुरुआत है। | 1 | |
| | | प्रश्नोत्तर शैली है | 2 | |
| | | प्रवाहमयता है | 1 | |
| | | कल्पना है | 1 | 7 |
| | | स्वाभाविक अंत है। | 1 | |
| 12. | | चरित्र पर प्रकाश डालनेवाले संवादों का विश्लेषण किया है। | 1 | |
| | | चरित्र की विशेषता समझी है। | 1 | |
| | | विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है। | 1 | |
| | | चरित्र की विशेषताओं का समर्थन अपने दृष्टिकोण से किया है। | 1 | 4 |
| 13. | | कविता का आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | | आशय का विश्लेषण किया है। | 1 | |
| | | कविता का सार लिखा है। | 2 | |
| | | अपना दृष्टिकोण प्रकट किया है। | 1 | 5 |

| Qn. No. | Sub Qns | Answer Kery / Value points | Score | Total |
|---|---|---|---|---|
| 14 | | अनुभव की सूचना है। | 1 | |
| | | अनुभवों को क्रमबद्ध किया है। | 2 | |
| | | संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | | आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2 | 7 |
| 15. | | सही शुरुआत है। | 1 | |
| | | पत्र की भाषा शैली अपनाई है। | 2 | |
| | | रूपरेखा का पालन किया है। | 2 | |
| | | प्रसंगानुसार विषय वस्तु का चयन है। | 3 | 8 |
| 16. | | भूमिका है। | 1 | |
| | | बिन्दुओं को विकसित किया है। | 2 | |
| | | अपने मत का समर्थन किया है। | 2 | |
| | | भाषण-शैली है। | 2 | |
| | | उपसंहार है। | 1 | 8 |
| 17. | | अनुभवों की सूचना है। | 2 | |
| | | अनुभवों को क्रमबद्ध किया है। | 2 | |
| | | संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | | आत्मनिष्ठ भाषा है। | 2 | 8 |
| 18. | | खंड का आशय ग्रहण किया है। | 2 | |
| | | लक्ष्य भाषा में अनुवाद किया है। | 3 | |
| | | लक्ष्य भाषा की शैली का पालन किया है। | 3 | 8 |
| 19. | | सामग्री की सही पहचान है। | 2 | |
| | | उचित शब्द / वाक्यांशों का प्रयोग है। | 2 | |
| | | पोस्टर की शैली अपनाई है। | 2 | |
| | | आकर्षक एवं रोचक है। | 2 | 8 |